AusNet

# गैस के लिए तैयार रहें

## गैस-सुरक्षा सुझाव

प्राकृतिक गैस ज्वलनशील होती है। गैस के उपकरणों से कार्बन मोनोऑक्साइड का रिसाव हो सकता है, जिसके कारण उनकी सर्विसिंग न किए जाने पर वे खतरनाक हो सकते हैं।

इसलिए अपने घर या व्यवसाय में अपने गैस के उपकरणों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए योग्यता-प्राप्त गैसफिटर का उपयोग करना महत्वपूर्ण है।



### सामान्य सलाह

- हरेक दो सालों में किसी योग्यता-प्राप्त गैसफिटर से अपने गैस हीटर की सर्विसिंग कराएँ।
- विनिर्माता के निर्देशानुसार अपने गैस उपकरणों की सर्विसिंग के लिए हमेशा एक योग्यता-प्राप्त गैसफिटर का उपयोग करें और सर्विसिंग की तिथि को रिकॉर्ड करें।
- योग्यता-प्राप्त गैसफिटर से अपने घर या व्यवसाय में कराए जाने वाले किसी भी काम के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र माँगें।
- अपने गैस हीटर को खुद ठीक करने की कोशिश न करें - यह कोई सुरक्षित DIY प्रोजेक्ट नहीं है, आपको एक योग्यता-प्राप्त गैसफिटर को कॉल करना होगा।
- हमेशा अपने गैस उपकरणों का उपयोग उनके नियत उद्देश्य के लिए ही करें - उदाहरण के लिए, अपने हीटर का उपयोग एक गैस कुकर, कुकटॉप या ओवन के रूप में न करें।
- गैस उपकरण के ऊपर या इसके पास कोई भी रसायन या प्रेशर पैक न रखें - गर्मी के कारण उनमें प्रतिक्रिया या विस्फोट हो सकता है।
- यदि आपके पास एक बाज़ारी या औद्योगिक गैस मीटर है, तो इसे नुकसान या तोड़-फोड़ से बचाने के लिए इसके चारों ओर तारयुक्त-बाड़ का घेराव या बोलार्ड्स लगाने के बारे में सोचें।

### कार्बन मोनोऑक्साइड

- सुरक्षात्मक रक्षोपाय के रूप में एक कार्बन मोनोऑक्साइड अलार्म लगाने के बारे में सोचें।
- अपने गैस हीटर को रात-भर या लंबे समय के लिए चालू न रखें।
- अपने हीटर के साथ एक ही समय पर किचन रेंजहुड और बाथरूम एक्ज़ॉस्ट पंखों का उपयोग न करें। इससे नकारात्मक दबाव परिवेश बन सकता है, जो रहने की जगहों में कार्बन मोनोऑक्साइड को खींच सकता है।
- अपने घर में हवा की पर्याप्त आवाजाही सुनिश्चित करें – इस बात की जाँच करें कि आपका स्थायी वेंटिलेशन साफ है और यदि आवश्यक हो तो एक खिड़की खुली छोड़ दें, खासकर यदि आपका हीटर ओपन-फ्लूड है।
- कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के लक्षणों से अवगत रहें, और यदि ये आपके ध्यान में आते हैं, तो जल्दी कदम उठाएँ।
- यदि आपने किराए पर घर लिया है, तो सुनिश्चित करें कि पिछले दो वर्षों में एक रजिस्टर्ड गैसफिटर द्वारा आपके गैस उपकरणों की जाँच की गई है। आपके किराएदारी प्रदाता से पूछे जाने पर उन्हें सबसे हाल की सुरक्षा जाँच तिथि बताना अनिवार्य होगा।

AusNet

## यदि आपको अपनी संपत्ति में गैस की गंध आती है

**यदि आपको अपने घर या व्यवसाय में गैस की गंध आती है:**

- सभी गैस उपकरणों को बंद कर दें
- हवा की आवाजाही के लिए सभी दरवाजे और खिड़कियाँ खोल दें
- रिसाव की मरम्मत के लिए एक योग्यता-प्राप्त गैसफिटर से संपर्क करें और अपनी गैस को फिर से चालू करें
- गैस के संदिग्ध रिसाव के करीब बिजली के उपकरण न चलाएँ
- गैस उपकरण के आस-पास कभी भी पेट्रोल या ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग न करें।

यदि आपको अपने गैस मीटर या सड़क के पास गैस की गंध आती है, तो हमें **13 67 07** पर कॉल करें।

योग्यता-प्राप्त गैसफिटर के लिए यहाँ खोजें: **energysafe.vic.gov.au/community-safety/working-tradespeople/gasfitters**

- यदि आपके गैस उपकरण बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, तो एक लाइसेंस-प्राप्त गैसफिटर को आपकी गैस लाइन की जाँच करने की आवश्यकता होगी।
- आउटेज के बाद अपनी गैस को सुरक्षित रूप से वापस चालू करने के तरीके की जानकारी रखें। हमारा वीडियो 'Turning your gas meter back on and relighting your appliances' यहाँ देखें: **ausnet.com.au/gas/get-to-know-your-gas-meter**। यदि आपको ऐसा करने में असहज महसूस होता है, तो हमें **13 67 07** पर कॉल करें और हम आपकी सहायता के लिए किसी को भेज सकते हैं।
- अपने घर, कैरावैन, कार या टेंट के अंदर बाहरी गैस उपकरण न लाएँ।
- यदि आप एक जीवन रक्षक सेवार्थी हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि आपकी आपातकालीन योजना अप-टु-डेट है और आपको पता है कि गैस आउटेज के दौरान क्या करना है। यहाँ जाएँ: **ausnet.com.au/life-support-customers**, या हमारी प्राथमिकता लाइन को **1800 818 832** पर (दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन) कॉल करें।

## गैस-सुरक्षा के बारे में और अधिक सुझाव

**गैस के लिए तैयार रहें**
ausnet.com.au/gasready

**बेहतर स्वास्थ्य - गैस या बिजली के बिना रहना**
betterhealth.vic.gov.au/health/servicesandsupport/emergencies--coping-without-gas-or-electricity

**गैस का सुरक्षापूर्वक उपयोग करना**
energysafe.vic.gov.au/community-safety/energy-safety-guides/home-safety/using-gas-safely

## क्या आपको संपर्क करने की आवश्यकता है?

**गैस समस्याएँ और आपात लाइनें**
13 67 07 (दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन)

**ausnet.com.au**

AusNet

**हम आपकी भाषा का उपयोग करते हैं**
यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो 13 14 50 पर कॉल करें।

अपना पसंदीदा रिले सर्विस एक्सेस विकल्प चुनने के समय हमारा फोन नंबर दें।